तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 नारायणपुर जिला अस्पताल का संदेश "हां! ...



10 राज्य स्तरीय शिविर में बस्तर विवि का नेतृत्व कर...



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में आमजन ने सड़क व पानी की रखी मांग

**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल-मोबाइल टावर की समस्या, वृद्धजन-सामाजिक पेंशन के प्रकरण, पेनकार्ड बनवाने के साथ खाता खोलकर शिक्षा ऋण दिलाने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मांग, पेंशन की लंबित राशि दिलाने से सम्बंधित मांगों के लिए कलेक्टर हरिस एस के को आवेदन दिया। कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### रंगमंच दिवस पर नाटक की प्रस्तुति होगी 27 को

**जगदलपुर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभियान 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस पर नाटक खुल्लम खुल्ला की प्रस्तुति मैत्रीसंघ रंगमंच में रात 8 बजे करेगा। अख्तर अली की रचना पर आधारित इस नाटक के निर्देशक हेमंत सिंह है। अभियान के अध्यक्ष कैलाश चौहान ने बताया कि निशुल्क आयोजन में नाटक का आनंद लेने और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उत्साहवर्धन करने अधिक से अधिक लोग आएं।

### रामनवमीं की तैयारियों को लेकर 30 को बैठक

**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया है कि आगामी 30 मार्च को दोपहर 12 बजे चित्रकोट राम मंदिर निर्माण स्थल में बैठक होगी। जिसमें रामनवमीं की तैयारियों के संबंध में लोहंडीगुड़ा ब्लाक के पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

### हाता ग्राऊण्ड की समस्या पर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** जैन सोशल वेलफेयर एसोशिएसन ने हाता ग्राऊण्ड के समस्याओं के निराकरण को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017-18 में मैदान में रात्रिकालीन खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्लड लाईट लगाई गई थी। उचित रख रखाव के अभाव में बल्व खराब हो चुके हैं, जिससे रात के समय खिलाड़ियों को पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पाती है। वहीं मैदान में निर्मित ड्रेसिंग रूम में रोशनी की व्यवस्था नहीं है। कमरे में कबाड़ भरा हुआ है। वहीं असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब की बोतलें फेंकी जातीं है। बोरिंग भी खराब हो गया है। इन समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की गई है।

### रामनवमीं पर नगरनार में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**जगदलपुर।** आगामी 6 अप्रैल को रामनवमीं धूमधाम से मनाने विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की बैठक हुई, जिसमें शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगरनार में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान नगरनार प्रखंड के पदाधिकारी और सनातन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**आरोप :** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष खनिज संसाधनों के दोहन को लेकर भाजपा पर बरसी

# प्रशासन और खनिज विभाग की अनदेखी से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद : कर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा के सत्ता में काबिज होते ही दंतेवाड़ा जिले का विकास रुक गया है। भाजपा नेताओं के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे अपने निजी फायदे के लिए क्षेत्र का विनाश करने में लगे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने बयान जारी कर भाजपाइयों पर आरोप लगाया है कि सत्ता में आने के बाद जिले के संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने रेत माफिया को शह दे रखी है। वे जहां-तहां से रेत उत्खनन कर रहे है। दन्तेवाड़ा शहर में डंकनी नदी से अवैध तरीके से रेत निकालकर भंडारण जिला मुख्यालय के बीचों-बीच किया जा रहा है। आसपास के कई स्थानों से जैसे डंकनी नदी हो या बालूद पंचायत से हर जगह से रेत माफियाओं का जोर चल रहा है। अवैध उत्खनन और भंडारण के बाद सारे खनिज जांच नाकाओं को अगर पार कर बेधड़क रेत बाहर भेजा जा रही है। अगर कोई कमजोर व्यक्ति ट्रैक्टर जैसे साधन से निजी उपयोग के लिए रेत ले जाता है तो वह पकड़ा जाता है, उस पर भारी जुर्माना से लेकर वाहन राजसात करने की कार्रवाई होती है। लेकिन जिला मुख्यालय के बीचों-बीच डंकनी नदी से मशीनों की मदद से रात भर रेत निकालकर एनएच किनारे मुक्तिधाम में भारी मात्रा में डंप किया जाता है। टिप्परों से दिन दहाड़े उसकी बाहर ढुलाई होती है, तब उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। नियमों को ताक पर रखकर डंकनी एनीकट के ठीक नीचे रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। जबकि किसी भी एनीकट के 100 मीटर के दायरे में रेत खदान नहीं बनाया जा सकता है।



तुलिका कर्मा ने कहा कि किरन्दुल बचेली से लौह तस्करों की खबरे भी आती रहती हैं, पर कभी कोई कार्यवाही नहीं होती है। जिस तरह से जिले के लौह खदानों की नीलामी की जा रही है, उससे हमारे जल, जंगल, जमीन का विनाश ही होना तय है। उन्होंने कहा कि अगर खनिज संसाधनों का अवैध उत्खनन बंद नहीं किया गया और जल, जंगल, जमीन का विनाश नहीं रोका गया, तो पूरी रणनीति के साथ कांग्रेस पार्टी विरोध दर्ज करवाएगी और सड़क पर उतर कर इस मामले में अपना विरोध प्रदर्शन करेगी। जल, जंगल, जमीन भले ही लोगों के लिए कमाई का जरिया होगा पर यह हमारे लिए हमारी संस्कृति और हमारी पहचान और अस्मिता है, जिसे हम नष्ट होता नहीं देख सकते।

### आरोप निराधार और द्वेषयुक्त : धीरेन्द्र



भाजपा जिला महामंत्री व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कांग्रेस नेत्री व जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा के बयान भाजपा सरकार में रेत माफिया को संरक्षण के आरोप को निराधार और द्वेष युक्त बताया। उन्होंने कहा कि जिस मुक्तिधाम के कार्य को लेकर तूलिका कर्मा आरोप लगा रही है वो कार्य उनके चहेते ठेकेदार को मिला था। इस ठेकेदार के कार्यों को गुणवत्ता विहीन होने के चलते प्रशासन ने निरस्त कर दिए थे। अब उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहा है तो कांग्रेसी नेत्री को हजम नहीं हो रहा है। इस ठेकेदार का कार्य निरस्त होने एवं निजी फायदा न मिलने पर तूलिका कर्मा अनर्गल आरोप लगा रही है। जबकि रेत का अवैध उत्खनन का मामला कांग्रेस सरकार में ही सबसे ज्यादा हुआ है,अब जो भी ठेकेदार कार्य करता है वो चाहे कही से भी रेत इस्तेमाल करे उसे भुगतान के प्रक्रिया के तहत पिटपास जमा करना अनिवार्य होता है। ठेकेदार उसकी 3 गुना राशि जमा करता है। इन सब मामलो में तूलिका कर्मा के करीबियों की संलिप्तता रही है ऐसे कार्यों की भी पुनः जांच होनी चाहिए।

## जगदलपुर से ठाकुर नगर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- ओडिशा, बंगाल, बिहार और झारखंड तक एक दिन के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

पूर्वतट रेल ज़ोन भुवनेश्वर के पहल पर स्कूली ग्रीष्मकालीन अवकाश और यात्री ट्रेनो में चल रही अतिरिक्त भीड़ से राहत देने जगदलपुर से ठाकुर नगर पश्चिम बंगाल तक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस बात की पुष्टि विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने की। विशेष ट्रेन परिचालन का आदेश सोमवार को जारी किया गया है। जारी आदेश में यह ट्रेन जगदलपुर-ठाकुरनगर के बीच कोरापुट-रायगढ़-संबलपुर के रास्ते विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08563 जगदलपुर-ठाकुरनगर स्पेशल 26 मार्च को जगदलपुर से 8 बजे रवाना होगी जो 10 बजे कोरापुट पहुंचेगी और 10.25 बजे कोरापुट से रवाना होकर 1.45 बजे रायगढ़ा पहुंचेगी यहां से दोपहर 2.10 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 10.45 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन संख्या 08564 28 मार्च को 6 बजे ठाकुरनगर से रवाना होगी जो अगले दोपहर 2.40 बजे रायगडा पहुंचेगी और 3.5 बजे रायगड़ा से रवाना होकर शाम सवा 7 बजे कोरापुट पहुंच देर शाम कोरापुट से 7.50 बजे से रवाना होकर और रात 10.45 बजे जगदलपुर शनिवार को पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों में स्टापेज-** जगलपुर से ठाकुर नगर स्पेशल ट्रेन आने और जाने के दौरान इन स्टेशनों में स्टापेज होगी। 4 जयपुर, कोरापुट, रायगडा, सिंगापुर रोड, मुनिगुडा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बारागढ़ रोड, संबलपुर, झारसुगुडा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, अंदुल, भटनागर जादलपुर और ठाकुरनगर के बीच चलेगी।

**21 कोच की होगी स्पेशल ट्रेन-** आज जगदलपुर से ठाकुर नगर जाने वाली स्पेशल ट्रेन 21 कोच की होगी। जिसमें द्वितीय एसी-2, तृतीय एसी-4, स्लीपर-9, सामान्य द्वितीय श्रेणी-4 और दिव्यांगजन-सामान द्वितीय श्रेणी कोच-2 लोगों से अनुरोध है कि वे इन विशेष ट्रेन सेवाओं का उपयोग करें।

## क्षय दिवस पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने निकाली रैली

**जगदलपुर।** क्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। सुबह रैली को फ्लैग दिखा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिले के टीवी नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सी मैत्री द्वारा रवाना किया गया। रैली टीवी भगाओ, बस्तर बचाव के नारे के साथ शहर के विभिन्न मुख्य ▶▶| शेष पेज 10 पर



## बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन मरम्मत का खर्च 1.50 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा सोमवार को एक प्रकरण में आवेदक को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन के मरम्मत की राशि एक लाख 50 हजार रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के ▶▶| शेष पेज 10 पर




## भक्त माता कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तेतरकुटी में साहू समाज ने आयोजित किए विविध कार्यक्रम

क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा शहर के तेतरकुटी में मंगलवार को धूमधाम से भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। तेतरकुटी में सुबह भव्य कलश यात्रा निकली गई। कार्यक्रम स्थल में हवन और पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, अध्यक्षता मदन लाल सार्वा, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार आशीष कुमार साहू, पार्षद श्याम सुंदर, श्रीमती आशा साहू, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा रहे। मुख्य अतिथि ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता कर्मा की भक्ति मीरा और शबरी की भक्ति से कम नहीं है, कर्मा ने अपनी भक्ति से भगवान कृष्ण को प्रेम में बांध कर उनके खिचड़ी खाने मंदिर छोड़कर आने विवश कर दिया। उन्होंने साहू समाज को मूलभूत सामग्री के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। सभा में समाज के लिये भू-दान दाता मदन लाल सार्वा का सम्मान किया गया, साथ ही शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। भक्त माता की महाआरती कर भोग प्रसाद अर्पण किया गया। उसके बाद महाभंडारा कराया गया, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या काल में सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मलखन राम सोनवानी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नेम प्लेट का वितरण

कार्यक्रम में साहू समाज द्वारा इस दौरान प्रत्येक साहू परिवार को नेम प्लेट का वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया कि हमने इस वर्ष नई शुरूवात की है कि समाज के प्रत्येक सदस्य को नेम प्लेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसमें भक्त माता कर्मा की फोटो और साहू समाज अंकित है, इसके साथ ही मुखिया का नाम और पदनाम अंकित है।



### जरुरतमंदों की जान बचाने में दें अमूल्य योगदान

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के इनरव्हील क्लब की महिलाओं द्वारा मंगलवार को महारानी अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्षता डॉ. सरिता थॉमस और सचिव लायबा चमड़िया द्वारा बताया गया कि बस्तर जिले में रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां के चलते बहुत कम रक्तदान किया जाता है, जिसकी वजह से आए दिन कई गरीब मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इनरव्हील क्लब और जैन समाज ने आज महारानी अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया था। जिसमें क्लब की सदस्यों श्रीमती चंदनबाला मोदी, श्रीमती मनी पिल्ले, श्रीमती अंशु गोदी, श्रीमती पायल गोयल, जैन समाज के धीरज बाफना, विकास जैन, विमलेश गोलछा, अंकित नारायण, अमन मोदी और निखिल द्वारा ब्लड डोनेशन किया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. थॉमस ने बताया कि इनरव्हील क्लब समय-समय पर समाज कल्याण के विभिन्न कार्यों का आयोजन करती रहती है, जिसमें सभी सदस्यों का बढ़-चढ़कर योगदान रहता है। ब्लड डोनेशन के इस कैंप ▶▶| शेष पेज 10 पर




**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

# हिंसा नहीं, विकास चाहते हैं ग्रामीण व युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



कभी पुलिस व सुरक्षा बलों से दूरी बनाए रख अपनी ज़िल्लत भरी जिंदगी जीने को विवश ग्रामीण व युवा अब अपने गांव तथा क्षेत्र के विकास को लेकर चिंतित है। बस्तर में बदलते हालातों तथा वनांचल क्षेत्रों में चल रही धीमी गति के विकास कार्यों एवमं विभिन्न मांगों को लेकर कोण्टा विकास खंड के भेज्जी थाना पहुंच ग्रामीणों व युवाओं ने सड़क पुल और बिजली की मांग रखी। सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के युवाओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीरता दिखाई है। दुर्गम और नक्सल प्रभावित गांव दंतेशपुरम के सैकड़ों ग्रामीण युवा और बुजुर्ग भेज्जी थाना पहुंचे। गांव के विकास कार्यों को लेकर अपनी मांगे रखी। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सलीम खाखा के सामने अपनी मांगें रखते हुए गांव में सड़क पुल-पुलिया और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। थाना प्रभारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के साथ ही युवाओं को खेल सामग्री वितरित किया। इसे प्रशासन व पुलिस पर ग्रामीणों के बढ़ते विश्वास के रूप में देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द से जल्द इन समस्याओं के निराकरण के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला चिकित्सालय में जीवन दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, विशेषकर रात्रि के समय इलाज में कोई परेशानी न आए। कलेक्टर ने चिकित्सालय से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के जिले के सभी चिकित्सालयों में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के आंकड़ों की समीक्षा की और विभागवार ओपीडी के आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सीएमएचओ आर.के. सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 8 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगा जिला प्रशासन

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन 8 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भूमि आवंटन के निर्देश दिए हैं। इन उपकेंद्रों से ग्रामीण क्षेत्रें को निर्बाध बिजली मिलेगी। कोण्डागांव विकासखंडरू बोटीकनेरा और बोलबोला, माकडी विकासखंड, बालोण्ड और शामपुर अन्य उपकेंद्र, लोहार पारा, पीपरा, लांजोड़ा रांधना, और जामगांव। लाभ – ग्रामीण क्षेत्रें में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज की समस्या से राहत, किसानों को सिंचाई में सुविधा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्देशानुसार जिले में बिजली से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संपर्क नंबर के हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस पहल के तहत अब तक जिले भर से 55 शिकायतें दर्ज कराई गई है। इनमें सबसे अधिक शिकायतें बड़ेराजपुर क्षेत्र से प्राप्त हुई हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने इन शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किए हैं।

संकल्प : टीबी समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास, सही निवेश और प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत

# नारायणपुर जिला अस्पताल का संदेश “हां! हम समाप्त कर सकते हैं टीबी”

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

विश्व क्षय रोग दिवस हर वर्ष मार्च में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे समाप्त करने के प्रयासों को गति देना है। इस वर्ष की थीम “हां! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं: संकल्प, निवेश, क्रियान्वयन” पर केंद्रित है, जो हमें इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्धता, संसाधनों और ठोस कदम उठाने की याद दिलाती है। जिला अस्पताल नारायणपुर के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि टीबी आज भी दुनिया के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है, जिससे लाखों लोग प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम इस बीमारी को खत्म करना चाहते हैं, तो हमें दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करना होगा, पर्याप्त वित्तीय एवं स्वास्थ्य संसाधन जुटाने होंगे और सही दिशा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

- दृढ़ संकल्प के साथ करना होगा काम : सिविल सर्जन



### टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम

1. **समुदाय की भागीदारी** – टीबी उन्मूलन के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को लक्षणों, परीक्षण और इलाज की जानकारी दी जानी चाहिए।

2. **सरकारी नीतियां और निवेश** – सरकार द्वारा मुफ्त टीबी जांच, बेहतर उपचार सुविधा और पोषण सहायता जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन इस दिशा में और अधिक निवेश एवं मजबूत स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है।

3. **नवाचार और तकनीक** – नई दवाओं, वैक्सीन रिसर्च और डिजिटल हेल्थ समाधान को अपनाकर टीबी के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाया जा सकता है।

4. **समय पर पहचान और इलाज** – डॉ. भोयर ने बताया कि जितनी जल्दी टीबी की पहचान होगी, उतना ही प्रभावी उपचार संभव होगा। इसलिए संदिग्ध मरीजों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवानी चाहिए।

### नारायणपुर जिले में प्रयास

डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की निःशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, टीबी से ग्रसित मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

### संकल्प लें, टीबी को हराएं

इस विश्व टीबी दिवस पर, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम टीबी को जड़ से खत्म करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। हां! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं बस जरूरत है सामूहिक प्रयास, सही निवेश और प्रभावी क्रियान्वयन की।

## जिला प्रशासन ने खेल सामग्री जूते व स्कूल बैग किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रें में शामिल कड़ेनार और बेचा गांवों में पिछले दिनों कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधिक्षक वाय अक्षय कुमार ने दौरा किया था। इस दौरान इन गांवों के प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों ने खेल सामग्री, जूते और स्कूल बैग की मांग की थी। बच्चों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बीते शुक्रवार को गांव पहुंचकर आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर श्री दुदावत के निर्देशानुसार जिला मिशन समन्वयक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ बी.आर.पी. ने सरपंच धनसिंह कश्यप की उपस्थिति में बच्चों को खेल सामग्री और स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान कड़ेनार के 54 और बेचा के 53 बच्चों सहित कुल 107 बच्चों को लाभान्वित किया गया। वितरित सामग्री में पिट्ठूल, शतरंज, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, लूडो, रस्सीकूद, कंचा, फ्लाइंग डिस्क, बैडमिंटन और अन्य खेल सामग्रियां शामिल रहीं।

**बच्चों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल** – इस पहल से बच्चों के चेहरे खिल उठे। लंबे समय से संसाधनों की कमी का सामना कर रहे इन बच्चों को जब खेल सामग्री, जूते और स्कूल बैग मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चों ने सामग्री प्राप्त करने के बाद खुशी में खेलकूद कर अपनी भावनाओं का व्यक्त किया। वहीं ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन द्वारा बच्चों की मांग को शीघ्र पूरा करने पर आभार जताया।

**कभी माओवाद का गढ़ अब विकास की ओर अग्रसर** – कड़ेनार और बेचा जैसे गांव कभी माओवाद का गढ़ थे। लंबे समय तक इन क्षेत्रें में विकास की रोशनी नहीं पहुंच पाई थी। माओवाद की वजह से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विकास रुका हुआ था। लेकिन वर्तमान सरकार और केंद्र की नीतियों, सुरक्षा बलों के प्रयासों से अब यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहा है।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 33,11 केवी विद्युत उपकेंद्र लंजोड़ा में 3.15 एमवीए से क्षमता वृद्धि कर 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे कई गांवों के किसानों को ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी। सीएसईबी कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से 11 केवी लंजोड़ा टाउन फीडर, जैतपुरी फीडर, जुगानी फीडर और बड़ेडोगर फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों लंजोड़ा, भानपुरी, जैतपुरी, कोसागांव, कबोगा, हिर्री, बालोण्ड, मांझीबोरण्ड, सल्फीपदर और केरावाही इत्यादि गांव के किसानों को ओवर लोड से निजात मिलेगी, जिससे उन्हें खेतों में निर्बाध सिंचाई में मदद मिलेगी।



**भूमि आबंटन की प्रकिया को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश** – कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में विद्युत व्यवस्था के सु–ढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए भी प्रयास जारी है। विभिन्न क्षेत्रें में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिये विद्युत विभाग के द्वारा लगातार ट्रांसफार्मर में शंट कैपेसिटर भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने नए सब स्टेशन की भूमि आबंटन प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरा करने के दिए निर्देश, शीघ्र शुरू होगा कार्य। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में 33,11 केवी के नए विद्युत उपकेंद्रों की लोहरा पारा, पिपरा एवं लांझोड़ा रांधना की स्थापना के लिए भूमि आबंटन की प्रकिया को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। भूमि आवंटन प्रक्रिया पूर्ण होते ही सब स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होगा। इसके स्थापित होने से जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

**कई गावों को लाभ मिलेगा** – विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपरा सब स्टेशन के बनने से बहीगांव, पीपरा, मस्सुकोकड़ी, आंवराभाटा, छिंदीडीही, पावारास, चिखला डीही, खरगांव, खुटपदर, डोंगरीपारा, अमोड़ा और शिकागांव को लाभ मिलेगा और लंजोड़ा सब स्टेशन बनने से भानपुरी, हिर्री, सोड़मा, सिरसीकलार, भूमका के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार लोहार पारा सब स्टेशन बनने से कोंडागांव गांव शहर में ओवरलोड से निजात मिलेगी, साथ ही बोलबाला, चिखलपुट्टी, दूधगांव, कोकोडी, जरेबेंदरी गांव सहित विभिन्न गांव के ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## पारंपरिक वार्षिक मड़ई मेला में दिखा आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

आस्था एवं परम्परा के अनूठे संगम के साथ फरसगांव का चार दिवसीय वार्षिक मेला 24 मार्च सोमवार को शुरू हुआ। इस मेले में नगर के साथ आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों एवं उनके देवी-देवताओं के भारी हुजुम में आस्था और संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। इस मौके पर उमड़ी भारी भीड़ ने भीगे चावलों एवं पुष्प-पंखुड़ियो की वर्षा के साथ देवी-देवताओं की अगुवानी की गई। मेला में आस पड़ोस के देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजो के साथ हुआ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा सम्पन्न हुई। आसपास क्षेत्र से पहूंचे देवी देवताओं का सम्मान पूर्वक फूलों से स्वागत किया गया।

**ये हुए शामिल**–इस दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मुलचंद पांडे, पार्षद शैल सेठिया, सुशीला मरकाम, राजकुमारी नेताम, संगीता प्रवीण राव, विनोद पांडे, जनक नेताम, मन्नु राम हिडको विशु सिकदार भी देवी देवताओं के साथ शामिल हुए ।

**बारिश ने डाला रंग में भंग**– पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले में व्यापारियों द्वारा लगाई दुकानों को नगर पंचायत कर मुक्त कर दिया गया है जिससे व्यापारियों में दुकान लगाने की उत्सुकता देखी जा रही थी लेकिन दो दिन पहले अचानक हुई बारिश ने मेले की रौनक बिगाड़ कर रख दिया है। दुकानदार पहले दिन दोपहर तक अपनी दुकानों को सजाने व व्यस्थित करने में लगे हुए थे साथ ही पहले दिन मेले में ग्रामीण मेले देखने नही पहुचे जिससे दुकानदारों को काफी चिंता हो रही है । साथ ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे जिसे ऐसा लग रहा है की इंद्र देव कभी भी बरस सकते हैं । इन सभी परिस्तिथियों को देखते हुए सभी व्यापारियों में मेले को लेकर काफी चिंता हो रही है । मीना बाजार के संचालक सुधीर सिन्हा ने बताया बारिश चलते छोटे झूलों को तैयार कर लिया गया है बड़े झूले रात भर में तैयार कर मंगलवार से शुरू हो जाएंगे।



**नपं ने की व्यवस्थाएं दुरुस्त**–नगर पंचायत ने मेले में बिजली, पानी व चिकित्सा की दुरूस्त व्यवस्था की गई है। मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिंदे के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ व्यवस्था दूरुस्त करने के लिए मेले से लगे सभी चौक चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है ताकि को अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो साथ ही मेले में पुलिस पेट्रोलिंग कर नागरिकों की सुरक्षा एवं अनहोनी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई।

## जरूरतमंद के लिए नरसिंह मंडावी ने किया रक्तदान

**कोण्डागांव।** बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारी नरसिंह मंडावी ने जिला अस्पताल कोंडागांव में जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। जैसे ही संस्था को मरीज की जरूरत का पता चला, नरसिंह मंडावी तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में मदद की।

### रक्तदान का महत्व

रक्तदान को जीवनदान कहा जाता है, क्योंकि यह उन लोगों के लिए बेहद जरूरी होता है जो दुर्घटनाओं, सर्जरी या गंभीर बीमारियों के कारण रक्त की कमी से जूझ रहे होते हैं। प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों द्वारा बांझ सुई का उपयोग कर सुरक्षित रूप से रक्तदान किया जाता है। जिससे दाता और प्राप्तकर्ता दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

### नरसिंह मंडावी का प्रेरणादायक योगदान



नरसिंह मंडावी ने अपने इस कदम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। वे बाबा साहेब सेवा संस्था के माध्यम से सामाजिक कायोंर् में सक्रिय रूप से भाग लेते रहते हैं। बाबा साहेब सेवा संस्था समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है। नरसिंह मंडावी के इस नेक कार्य ने लोगों को रक्तदान करने और दूसरों की मदद के लिए आगे आने की प्रेरणा दी है।

## शहीद दिवस पर अमर शहीदों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा आज शहीद दिवस का आयोजन किया गया। सभा मेंवीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्रों पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान शहीद भगत सिंह अमर रहें, सुखदेव–राजगुरु अमर रहें के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इन महान सेनानियों ने देश के लिए जो बलिदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अपनी अल्पायु में ही राष्ट्र प्रेम की ऐसी ज्वाला जलाई, जो आज भी हमारे दिलों में जल रही है। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने भी इस मौके पर कहा कि 23 मार्च का दिन हमें यह याद दिलाता है कि आज़ादी की राह आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, हमारी स्वतंत्रता केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि वीर बलिदानियों की कुर्बानियों से लिखी गई गाथा है। श्रद्धांजलि सभा में परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम, सैन्य मातृशक्ति ममता साहा, स्वर्गीय पूर्व सैनिक समीर दत्ता की पुत्री बबीता दत्ता और रोहिणी दत्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- 8 भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में आयोजन



अंबिकापुर में 28 मार्च तक किया जा रहा आयोजित

## राज्य स्तरीय शिविर में बस्तर विवि का नेतृत्व कर रहे कोंडागांव के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर का आयोजन 21 मार्च से 28 मार्च तक शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय छात्रावास केशवपुर अंबिकापुर में किया जा रहा है। इस वर्ष शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता एवं नशामुक्त समाज के लिए युवा रखी गई है। शिविर में बस्तर विश्वविद्यालय के 30 स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं। जिनमें से कोंडागांव जिले की डॉली ठाकुर, छाया देवांगन, निताई बारई, समीर कोर्राम, शनिदेव और प्रतिभा मरकाम अपनी सक्रिय भागीदारी से जिले और विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रहे हैं। शिविर में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध संस्कृति को भी प्रस्तुत किया जा रहा है।



**कोंडागांव की डॉली ठाकुर बनीं महादलनायिका** – शिविर में कोंडागांव जिले से गईं स्वयंसेवक डॉली ठाकुर को महादलनायिका नियुक्त किया गया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। स्वयंसेवकों को 23 मार्च को शैक्षणिक भ्रमण के तहत मैनपाट की सैर कराई गई। इसके साथ ही शिविर के प्रत्येक दिन स्वयंसेवक डिजिटल साक्षरता और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। शिविर में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों को प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल, बस्तर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल. पटेल, जिला संगठक कोंडागांव एस.बी. कन्नौजे एवं गुण्डाधुर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई ने शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कोंडागांव के स्वयंसेवकों की विशेष पहचान** – जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि गुण्डाधुर महाविद्यालय के स्वयंसेवक हर वर्ष अपनी सक्रिय भागीदारी के कारण राज्य स्तरीय शिविरों में शामिल होते हैं और अपनी कला एवं सेवा भावना से अलग पहचान बनाते हैं। इससे पहले भी तिलक दास, गायत्री पोर्ते, हरेंद्र नाग, मुकेश पोयाम, अजीत कुमार, देवेंद्र सेठिया, देवेश, सलीना एवं रयतू कश्यप जैसे वरिष्ठ स्वयंसेवक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर बस्तर और छत्तीसगढ़ का बेहतरीन ढंग से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस शिविर के माध्यम से न सिर्फ स्वयंसेवक समाज सेवा में योगदान दे रहे हैं, बल्कि वे डिजिटल साक्षरता और नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पेज 9 के शेष

### क्षय दिवस पर...

मार्ग से गुजरती हुई वापस महारानी अस्पताल परिसर पहुंची। महारानी अस्पताल परिसर में नर्सिंग छात्राओं द्वारा विभिन्न वार्ड, ओपीडी, आईपीडी, कादंबरी बिल्डिंग के समक्ष टीबी रोग से बचने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनमोहन, रंगीन रंगोली बनाकर समाज को टीबी से बचने का संदेश दिया गया। महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि बस्तर कलेक्टर हरीश एस शामिल रहे। बस्तर कलेक्टर द्वारा सीवाई, टीबी स्कीन टेस्ट प्रोग्राम का शुभारंभ भी किया गया और साथ ही टीबी से बचने के लिए सभी को सहयोग करने हेतु राज्य शासन से प्राप्त शपथ भी सभी उपस्थित लोगों को दिलाई गई। इस अवसर पर बस्तर जिले के टीबी मुक्त पंचायत को वर्ष 2023 का 81 ग्राम पंचायत को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी रोग से होने वाले नुकसान का और समाज पर उसका पड़ने वाला विपरीत प्रभाव को दर्शाने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। टीबी मुक्त रोगी जो वर्तमान में विभाग से जुड़कर टीबी मितान के रूप में कार्य कर रहे हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया। वर्तमान में इलाज चल रहे दो रोगी को भी मुख्य अतिथि द्वारा फूड बास्केट का भी वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित**–इस अवसर पर डॉ. रीना लक्ष्मी डीपीएम, डॉ. सी मैत्री जिला नोडल अधिकारी टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, डॉ. भंवर शर्मा, डॉ. आनंद प्रकाश, डीपीएम लेप्रा समिति उमाशंकर साहू तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कमलेश वर्मा, अशोक बघेल एवं शासकीय नर्सिंग कॉलेज आदेश्वर नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल, टीचर, स्टाफ और सभी छात्राएं उपस्थित रही।

### बीमा कंपनी अदा...

अनुसार शहर निवासी बिंटू ठाकुर द्वारा अपनी वाहन स्कॉर्पियो का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन वर्ष 2022 में एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों सहित वाहन की क्षति का एस्टीमेट प्राप्त कर क्षति दावा बीमा कंपनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, इस पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी द्वारा वाणिज्यिक उपयोग का कारण बताते हुए प्रथम बार में दावा निरस्त कर दिया गया था एवं द्वितीय दावा के संबंध में आवेदक को लंबे समय तक कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई थी। आवेदक के सेना में कार्यरत होने के कारण अपने भाई को अधिकार पत्र प्रदान कर जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इसमें सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि सर्वेयर की रिपोर्ट नुकसान के आंकलन की पूर्व आवश्यकता है, लेकिन सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं है और ना ही ऐसी रिपोर्ट बीमाकर्ता अथवा बीमाधारक के लिए बाध्यकारी है। वाहन का शासन द्वारा अधिग्रहण किया जाना एवं वाहन को किराए पर चलाया जाना दोनों अलग-अलग तथ्य हैं। बीमा कंपनी द्वारा वाहन को किराए पर चलाए जाने और राशि प्राप्त करने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था। बीमा कंपनी अपना आक्षेप प्रमाणित करने में असफल रही थी। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कंपनी को आवेदक को हुई मानसिक प्रताड़ना हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

### भक्त माता कर्मा ...

तथा आभार नीलमणी साहू ने जताया। ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर गणेश राम साहू, पालन साहू, देव नारायण साहू, बुधेलाल साहू, हेमलाल साहू, मोहन लाल साहू, लाल बहादुर साहू, गंगा राम साहू, गोपी साहू, जोहन साहू, परमानंद साहू, कौशिल्या साहू, लक्ष्मी साहू, उर्मिला साहू, उत्तम साहू, संतोष साहू, पंचू राम साहू, एआर साहू, सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### जरुरतमंदों की जान...

में ब्लड बैंक के डॉ. डकेश रात्रे और उनकी टीम द्वारा पूर्ण सहयोग कर रक्तदान की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। क्लब की अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि श्रीमती चंदनबाला मोदी द्वारा अब तक 11 बार रख देकर जरुरतमंदों की जान बचाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। विदित हो कि बस्तर जिले के सबसे बड़े अस्पताल महारानी अस्पताल में आए दिन गर्भवती माता को प्रसव के दौरान, एक्सीडेंट केस और एनीमिया से पीड़ित मरीज को आए दिन खून की आवश्यकता पड़ती है और वह इसके लिए परेशान होते रहते हैं। क्लब की सचिव लाइबा चमड़िया ने कहा कि भ्रांतियां को त्याग कर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों के लिए लोग रक्तदान कर लोगों की जान बचाने में अपना योगदान दें। रक्तदान शिविर में क्लब के रानू दुबे का भी प्रयास सराहनीय रहा।

**खबर संक्षेप**

## 7 दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन



**घाटलोहंगा।** ग्राम कविआसना में शमक विवि जगदलपुर के छात्रों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुल सचिव डॉ. राजेश लालवानी, विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य जानकी बाई कश्यप, सरपंच, उपसरपंच सुरेंद्र प्रसाद तिवारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कविआसना के प्रधान पाठक बीएल सूर्यवंशी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीवन कुमार द्वारा एनएसएस कैंप एवं उद्घाटन कार्यक्रम की जानकारी दी। डॉक्टर डीएल पटेल ने एनएसएस के 11 नियमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि कुलसचिव द्वारा शिक्षित होने के लिए केवल डिग्री ही नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को आवश्यक बताया क्योंकि एक युवा राष्ट्र की शक्ति को दर्शाता है अतः युवा विकास ही देश विकास है।

### महिलाओं एवं युवाओं को आगे आना चाहिए ताकि समाज का विकास हो सके

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई देवी भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आव्हान पर एवं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मार्च को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के माता मालती देवी आश्रम में हर्षोल्लास के साथ साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अवगत हो राज्य शासन द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह हेतु 25 मार्च को राज्य स्तर पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की महिला शक्तियों के द्वारा पूजा अर्चना कर राज्य स्तर पर निर्धारित समयानुसार प्रातः 11 बजे भक्त माता कर्मा जी की महाआरती की गई तदोपरांत कार्यक्रम में वरिष्ठजनों की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, मंच का संचालन मनीष कुमार साहू के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिला साहू संघ के कोषध्यक्ष भगत राम साहू के द्वारा भक्त माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं माता की महिमा के बारे में अवगत कराया गया इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ एवं संरक्षक एन आर साहू के द्वारा सभी को कर्मा जयंती की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रदेश साहू संघ के द्वारा सामाजिक हित में किये गए कार्यों के बारे में बताया एवं समाज की महिलाओं को आगे आकर समाज की बागडोर सम्हालने आव्हान किया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश पदाधिकारी निर्मला साहू ने साहू समाज की जाती तेली क्यों कहा जाता है इससे संबंधित धार्मिक घटना का वर्णन किया। सुधीर साहू ने बताया कि सामाजिक एकजुटता जरूरी है समाज को कैसे आगे ले जाया जा सकता है। समाज के वरिष्ठ एवं संरक्षक महेंद्र साहू ने सभी को माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसी प्रकार के आयोजन निरंतर कर करते रहने की सलाह दी। उद्बोधन की अगली कड़ी में तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र साहू के द्वारा ने माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज की महिलाओं एवं युवाओं को आगे आने कहा ताकि समाज का विकास हो सके देश का विकास हो सके, भक्त माता कर्मा जीवनी एवं अन्य बातों के बारे में बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के अंत में तहसील साहू संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती वेद साहू के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इसके पश्चात समाज के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र साहू, एन आर साहू, भगत साहू, वैभव चंदन, जितेश साहू, भूपेंद्र साहू, मनीष साहू, कृष्णा साहू, रेखराम साहू, गंभीर साहू, वेद साहू, निर्मला साहू, कुसुम साहू, दीपा साहू, हिना साहू, चम्पा साहू, शकुंतला साहू, यामिनी साहू सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सतनामी समाज ने मनाया सतनाम महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सतनामी समाज ने नवनिर्मित सतनाम भवन परिसर में सतनाम महोत्सव का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 14 कड़ती पारा गीदम में किया गया। समाज के लोगों के अलावा जिले भर से बचेली, किरंदुल, दन्तेवाड़ा के साथ साथ बीजापुर, कोण्डागांव आदि से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश सुराना नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम, माधुरी गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, मनीष सुराना पुर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, पार्षद गण जागेश्वर प्रसाद अध्यक्ष एस के एम एस बचेली, गजेन्द्र रात्रे अध्यक्ष एनएमडीसी एससीएसटी एम्प्लॉईज एसोसिएशन बचेली, एम आर आदिले, पूर्व प्राचार्य रामानंद डिन्डेकर, सी एल टंडन बीजापुर लखमू टंडन कोंडागांव, अमृतलाल टंडन पार्षद किरंदुल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ से आए हुए पंथी नर्तक दल रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंथी दल के साथ सतनाम शोभायात्रा का नगर भ्रमण किया गया। उसके पश्चात जैतखाम पर पूजन अर्चन कर जय घोष के साथ ध्वजारोहण किया गया। जैतखाम की परिक्रमा सामाजिक जनों के द्वारा विधि विधान पूर्वक कर जय स्तंभ पर पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया। इस बीच मनोहारी पंथी नृत्य का प्रस्तुतीकरण आयोजित होता रहा। कार्यक्रम को मुख्य रूप से रजनीश सुराना, मनीष सुराना, जागेश्वर प्रसाद, डिन्डेकर सर, आदिले जी आदि ने संबोधित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने अपने उद्बोधन में गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने एवं हमेशा समाज को सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। सभी अतिथियों व उपस्थित लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर के टंडन, विजय कुर्रे एस एन कुर्रे, इन्दु रत्ना रात्रे, विनय खूंटेल, मोना कुर्रे, जितेन्द्र निराला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मनरेगा कर्मियों का 3 दिवसीय ध्यानाकर्षण हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद योजनाओ के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिलाने वाले मनरेगा कर्मचारियों की स्थिति दिन_ब_दिन दयनीय होती गई। केंद्र शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रदेश में 3 माह मे हजारो आवास पूर्ण करने के बाद भी इनकी सुध लेने वाला कोई नही हैं।

प्रदेश में मनरेगा योजना अंतर्गत 10 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। वर्षों सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन निधि नहीं बन पाई या यूं कहें पार्टियों के चुनावी वादे विपक्ष में रहते इनके मंचों तक ही सीमित रह गई। आलम तो यह है कि इन कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। जिससे क्षुब्ध और पीड़ित कर्मचारी 3 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के माध्यम से अपनी पीड़ा सरकार को अवगत कराएंगे। 26 एवं 27 मार्च को जिले में कर्मचारी हड़ताल में रहेंगे, एवं 27 मार्च को सभी जिलों मे रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे, वही 28 मार्च को राज्यस्तरीय हड़ताल में शामिल होकर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने बताया कि हड़ताल के लिए जनपद जिलों में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। बीते एक साल में मनरेगा कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी भी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के चलते निर्णय नहीं हुआ। इसके विपरीत मनरेगा के कार्यो के अलावा कर्मचारियो पर पी एम आवास, पी एम जनमन, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विभागो के भी कार्य लिए जा रहे है। मनरेगा महासंघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के शासन स्तर से तय सभी लक्ष्यो को मनरेगा कर्मचारियो ने अपना पसीना बहाकर दिन रात कड़ी मेहनत कर पूरा किया है।

## गीदम ब्लॉक के सरपंच संघ का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जनपद पंचायत गीदम के नवनिर्वाचित सरपंचों की बैठक स्वराज भवन गीदम में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों के द्वारा सरपंच संघ के गठन हेतु चर्चा की गई।



इस बैठक में संघ के सलाहकार बोमड़ा राम कोवासी, महादेव नेताम, सुमित्रा बीजू कश्यप, प्रमिला सन्तु कुंजाम, देवली गुड्डीराम कश्यप, घासीराम कश्यप और गीदम ब्लॉक के सरपंचो की उपस्थिति में सरपंच संघ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिसमें नंदू सोढ़ी को सर्व सहमति से सरपंच संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

साथ ही सरपंच संघ के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मालती इस्ताम, सचिव रवि कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कोराम, मीडिया प्रभारी डीमन लाल नेताम, सह सचिव ब्रिजेश कड़की, सह कोषाध्यक्ष शिवानी कश्यप को बनाया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए 22 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी एवं जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी द्वारा दिसम्बर, जनवरी एवं फरवरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, विद्यालयों एवं संकुल समन्वयकों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीपीआईए फेलो सुश्री अर्कजा कुठियाला के साथ विनोबा टीम की ओर से प्रोजेक्ट ऑफिसर सागर गजभिये उपस्थित थे। इस दौरान कुल 22 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें विनोबा ऐप के पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तर के 8 विजेता, जिले में चल रहे स्पोकन इंग्लिश स्पर्धा के 3 विजेता शिक्षक, बोलेगा बचपन क्लब के 2 शिक्षक एवं इसी के साथ साथ 9 विद्यालयों को जिले की मुख्य पहल ईजीएल कार्यक्रम, जवाहर नवोदय मॉक परीक्षा एवं एन एम एम एस ई मॉक परीक्षा के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा डिजिटल मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है तथा यहां शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर दिया जाता है। इस में जिला एवं विकास खंड स्तर पर सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

**निधन**

### शायरा बेगम

**जगदलपुर।** आड़ावाल नयापारा निवासी पत्रकार जावेद खान की माता शायरा बेगम का 24 मार्च की सुबह 11 बजे जगदलपुर के अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रात 9 बजे जगदलपुर के कब्रिस्तान में किया गया।

## जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ेंगे



**जगदलपुर।** बस्तर मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चांद ने बस्तर के संपूर्ण विकास एवं अधिकारों की प्राप्ति हेतु राजनीतिक संघर्ष प्रारंभ करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग में बस्तर मुक्ति मोर्चा की संभागीय पदाधिकारी विभिन्न जिला अध्यक्षों, प्रकोष्ठ अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की प्रथम सूची जारी कर दी गई है। इस अवसर पर उन्होंने संगठन, सभी नव मनोनीत पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि बस्तर के जल,जंगल,जमीन के लिए मिलकर लड़ेंगें। बस्तर मुक्ति मोर्चा का प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बस्तर हित जनहित- बस्तर विकास और अधिकार के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए निडर होकर संघर्ष करेगा, यह हमारा पक्का विश्वास है। मुक्ति मोर्चा संयोजक के द्वारा जारी सूची का विस्तार किया गया है।

## समावेशी शिक्षा का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



कलेक्टर एस हरीश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय इन सर्विस ट्रेनिंग ऑफ बीआरपी स्पेशल एजुकेटर और टीचर्स का प्रशिक्षण संभाग मुख्यालय जिला बस्तर में आयोजित किया गया। बस्तर संभाग के 7 जिले के कांकेर नारायणपुर कोंडागांव बस्तर सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जिले के बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर तथा हाई स्कूल व हाई सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक मास्टर ट्रेनर्स व अन्य सहायक सहित 70 लोगों ने पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया। 19 से 23 मार्च तक शौंडिक भवन धरमपुरा में आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी वंदन और राष्ट्रगान से किया गया। सेवाकालीन प्रशिक्षण में ब्रेल लिपि के डॉटस स्पर्श ज्ञान, अबेकस, टेलर फ्रेम अंग्रेजी वर्णमाला, हिंदी वर्णमाला अंकों का ज्ञान का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदाय किया गया। साथ ही शासन की योजनाएं एवं निःशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. उपला रंजनी ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा श्रवण बाधितार्थ होने के कारण एवं उनकी समस्याओं का समाधान तथा बच्चों मे मूक-बधिर बच्चों को शीघ्र पहचान करने के बारे में एवं बच्चों में होने वाले मनोविकार के कारण व समाधान के विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी प्रदान की। ब्रेल लिपि के मास्टर ट्रेनर के रूप में दृष्टिबाधित जोगिंदर बघेल एवं दृष्टि बाधित पुलकित बघेल ने ब्रेल लिपि का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन में दृष्टि बाधित छात्रों व दिव्यांग जनों को होने वाली की दैनिक जीवन में किन किन समस्याओ का सामना करना पड़ता है। इसका प्रैक्टिकल के माध्यम से जीवंत प्रैक्टिकल कराया गया, जैसे सीढी चढना, उतरना, अपने आसपास के वातावरण को अनुभव कराना इत्यादि तत्पश्चात प्रतिभागियों ने अपने-अपने होने वाली समस्या से अवगत कराया। सभी प्रतिभागियों ने पांच दिवस के प्रशिक्षण में हिंदी अल्फाबेट, अंग्रेजी अल्फाबेट, को ब्रेल लिपि में अंकित करना सीख तथा अंको का ज्ञान भी ब्रेल लिपि में लिखने का प्रयास किया सभी बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर और शिक्षकों को बताया गया की आपके विकासखंड या शालाओं अध्ययनरत दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल लिपि से परिचय कराकर अध्यापन कार्य में उन्हें शैक्षणिक स्तर में सुधार व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें, ताकि वे भी अपने सपनों को साकार कर सकें।

## दुर्घटना में घायल हितग्राही को दिया गया बैटरी चलित ट्रायसायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना में ठोठापारा चितालंका, निवासी सुदरूराम इच्छाम पिता स्व. मुराराम इच्छाम, का जुलाई वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटना हो जाने से दाहिना पैर बुरी तरह से घायल हो गया था और इलाज करवाने के बावजूद भी ठीक नहीं होने से वर्ष अगस्त 2024 में चिकित्सकों की सलाह पर उनका पैर कटवाना पड़ा।

जिसका इलाज भद्राचलम में हुआ वर्तमान में वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं, पर उन्हें दैनिक क्रियाकलाप करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था इसे देखते हुए समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदाय योजना के तहत लाभ लेने हेतु 21 मार्च को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष अपनी समस्या उक्त ग्रामीण ने रखी और कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग की समस्या का निराकरण तत्काल करने के निर्देश दिए गए। फलस्वरूप 24 मार्च को अपर कलेक्टर राजेश कुमार पात्रे के हाथों सुदरू राम इच्छाम को एक नग बैटरी चलित ट्राय साइकिल एवं एक नग व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**गीदम।** गीदम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन गकिया गया। जिसमे बस्तर जोन के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर एवं बस्तर के वैज्ञानिक सहित 400 से अधिक किसान भाई उपस्थित रहे। यह शिविर पौध विविधता संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**:: उद्घोषणा पत्र::**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हसीना बानो पति शहजादा निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने स्वयं हसीना बानो पिता शहजादा निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 01.01.1979 को निवास स्थान शहर संतोषी वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदिका किसी कारण से अपने स्वयं का जन्म/मृत्य तिथि 01.01.1979 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/ उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदिका को अपने स्वयं का शासकीय कार्य के लिये जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/ पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवदेन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 04.04.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**:: उद्घोषणा पत्र::**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद आसिफ पिता अब्दुल अजिज निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने स्वयं मोहम्मद आसिफ पिता अब्दुल अजिज निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर का जन्म/मृत्य दिनांक 05.07.1968 को निवास स्थान शहर संतोषी वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक किसी कारण से अपने स्वयं का जन्म/मृत्य तिथि 05.07.1968 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/ उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने स्वयं का शासकीय कार्य के लिये जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/ पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवदेन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 04.04.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नाली में बने दीवार को तोड़ने का विरोध



जगदलपुर। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य कार्यकर्ताओं के साथ रमैया वार्ड पहुंचे। वार्डवासियों ने बताया दीवार तोड़ने से वार्ड के घरों में पानी भरने की समस्या उत्पन्न होगी। उन्होंने वार्डवासियों का समर्थन कर हर संभव मदद का वादा किया। इस मौके पर हरीश साहू, लव मिश्रा, करण यादव, रेणु यादव नीतू नागवानी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### झूलेलाल जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा

जगदलपुर। सिन्धी समाज साईं झूलेलाल का अवतरण दिवस में उत्साह से मनाएगा। इस दौरान विभिन्न आयोजन होंगे। गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने कहा कि 24 मार्च को श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब आरम्भ सिन्धी गुरुद्वारा में किया गया। 30 मार्च को गुरुद्वारा में सुबह 10:30 बजे भक्ति संगीत के पश्चात श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब समाप्ति व पल्लव, भोग साहिब, प्रसादी वितरण होगा। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने जानकारी देते बताया 29 मार्च शनिवार को सुबह 7 बजे सिन्धी समाज के सदस्यों व मातृशक्ति के द्वारा महादेव घाट की सफाई अभियान चलाएंगी। ताकि 30 मार्च को रात में साईं झूलेलाल जी के बहराणा साहिब व ज्योत को अच्छे से विसर्जित कर सकेंगे।

### भोपालपटनम में नाटक गुण्डाधूर का मंचन

जगदलपुर। बीजापुर जिले के प्रतिष्ठित साहित्यकार लक्ष्मीनारायण ताटी 'पयोधि' के बहुचर्चित,बहुमंचित और बहुप्रसारित काव्यनाटक 'गुण्डाधूर' का मंचन 25 मार्च की शाम को भोपाल के शहीद भवन में किया गया। यह जानकारी देते हुए पयोधि के छोटे भाई और पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने बताया कि पयोधि रचित नाटक से पहले यह घटना अधिक लोगों की जानकारी में नहीं थी। 1987 से 89 तक स्व. हरि नायडू के निर्देशन में बस्तर संभाग के सभी तहसील मुख्यालयों और रायपुर 'जगार 88' में 'गुण्डाधूर' का महानाट्य के रूप में भव्य मंचन हुआ था।

### श्रेष्ठ को किया सम्मानित



जगदलपुर। शहर के युवा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे श्रेष्ठ वर्मा ने गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑल इंडिया रैंक 95 हासिल की है। वर्तमान में भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दुर्ग से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। सोमवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा एवं निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन के नेतृत्व मे श्रेष्ठ वर्मा को बुके व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोहर दत्त तिवारी, संग्राम सिंह राणा, शशि नाथ पाठक, कृष्ण निषाद एवं पिता संजय वर्मा, माता मीनू वर्मा, चाचा अनिल वर्मा, रिंकू वर्मा उपस्थित थे।

### दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित प्रतिमा स्थल में श्रद्धांजलि देने पहुंचे बस्तरवासी

# महाराजा प्रवीरचंद्र की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर







बस्तर महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की 59वीं पुण्यतिथि एवं बलिदान दिवस पर मंगलवार को प्रतिमा स्थल दंतेश्वरी मंदिर के सामने पहुंचकर राजपरिवार के सदस्यों,

- नमन करने भाजपा नेताओं समेत स्थानीय लोगों का लगा रहा तांता

विधायक, भाजपा नेताओं व बस्तर वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवीरचंद्र भंजदेव की पुण्यतिथि पर सभी ने शहीद महाराजा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रवीरचंद्र भंजदेव के योगदान को याद करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को नमन किया।

सुबह 10 बजे महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव व राजपरिवार के सदस्यों ने पूजा अर्चना उपरांत महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। श्रद्धाजंलि सभा में बड़ी संख्या में बस्तरवासी पहुंचे। विधायक विनायक गोयल, कुमार जयदेव, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, प्रकाश झा, पार्षद निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, दिलीप दास, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल, उर्मिला यादव, संतोष गौर, पूनम सिन्हा, दिगम्बर राव, बी जयराम, शशिनाथ पाठक, रोशन झा, प्रेम सेठिया, विकास पांडे, प्रदीप मेश्राम, विनोद सोनी, अनिल, राजू पांडे, रितेश सिन्हा समेत बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।



#### आज भी नहीं भूले हैं राजमहल गोली कांड

श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कुछ बुजुर्ग लोगों ने 59 साल पहले राजमहल में घटी घटना को याद करते कहा कि महाराजा और बस्तर के आदिवासियों में अटूट संबंध रहा इसलिए राजा के साथ-साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने भी अपना बलिदान दिया। महाराजा प्रवीर को राजा नहीं बल्कि आदिवासियों का मसीहा कहते हैं क्योंकि वे प्रजा के लिए विशेषकर बस्तर के आदिवासियों के लिए चिंता करने वाले शासक थे। राजमहल में पूरे बस्तर के दूर दराज से आने वाले लोगों से सहजता से मिलना और उनकी आवश्यकता को सुनकर मदद करना यह महाराज प्रवीर की सबसे बड़ी विशेषता रही। मौके पर मौजूद लोग महाराजा की दानवीर और उनके सहज, सरल व्यवहार को दोहराते रहे।

## अग्निवीर व बस्तर फाइटर भर्ती परीक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय युवाओं को सेना और सुरक्षा बलों में सेवा का सुनहरा अवसर देने के लिए संस्कार द गुरुकुल स्कूल (चिड़ईपदर) ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। यह प्रशिक्षण रायपुर डिफेंस

- संस्कार द गुरुकुल स्कूल युवाओं को देगा ट्रेनिंग

एकेडमी के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें फिजिकल ट्रेनिंग और लिखित परीक्षा की व्यापक तैयारी करवाई जाएगी। यह कार्यक्रम अग्निवीर (आर्मी) और बस्तर फाइटर भर्ती परीक्षा 2025 के लिए उम्मीदवारों को संपूर्ण रूप से तैयार करेगा। उक्त बातें स्कूल के डायरेक्टर अमित जैन, प्रवीण कुमार एवं वीरेन्द्र भारद्वाज ने मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि संस्कार द गुरुकुल स्कूल द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण विशेष रूप से इस तरह डिजाइन किया गया है कि उम्मीदवार एक ही कोचिंग के माध्यम से अग्निवीर और बस्तर फाइटर दोनों परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक परीक्षा की तैयारी अग्निवीर और बस्तर फाइटर दोनों परीक्षाओं में फिटनेस टेस्ट समान होता है, इसलिए इस कोचिंग में ग्राउंड ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। लिखित परीक्षा की तैयारी दोनों परीक्षाओं के लिए समान विषयों पर गहन अध्ययन और अभ्यास कराया जाएगा। मेडिकल और अन्य प्रक्रियाओं की जानकारी उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

#### 45 दिनों का विशेष प्रशिक्षण

बताया कि यह 45-दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को सेना भर्ती परीक्षा के प्रत्येक चरण में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करेगा। इसमें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे उम्मीदवार अपनी भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। रोजाना 4 घंटे की कक्षा लिखित परीक्षा की विशेष तैयारी। दो घंटे की ग्राउंड ट्रेनिंग फिजिकल टेस्ट की तैयारी। नोट्स और टेस्ट पेपर झ परीक्षा में सफलता के लिए महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री।

## जाति प्रमाण पत्र बनाते समय स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में बनी समस्या से ओबीसी वर्ग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय सर्किट हाउस में छग पिछड़ा

- अधिकारी कर्मचारी संघ में किया ओबीसी आयोग सदस्य से समाज की समस्या से कराया अवगत

वर्ग आयोग के सदस्य बलदाऊ राम साहू से मुलाकात कर अधिकारी कर्मचारी से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया और उसके त्वरित निराकरण करने के लिए आग्रह किया गया। जाति प्रमाण पत्र बनाते समय स्पष्ट दिशा निर्देश के



अभाव में ओबीसी में क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर को लेकर भ्रांति होती है, जिसके कारण जो व्यक्ति नॉन क्रीमीलेयर में आना चाहिए उसे क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिससे मिलने वाले लाभ से वंचित हो जाते हैं जबकि निर्देश है कि कृषि आय और कर्मचारियों के वेतन को नहीं जोड़ा जाता है। यदि कोई कर्मचारी तृतीय या चतुर्थ श्रेणी में भर्ती होकर 40वर्ष के बाद यदि द्वितीय श्रेणी में आने पर वह नॉन क्रीमीलेयर में ही पात्र होंगे।पर स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में उसका क्रीमीलेयर का प्रमाण पत्र बना देने पर मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ता है।

## लाला जगदलपुरी ग्रन्थालय में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के लाला जगदलपुरी ग्रन्थालय में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ जिला इकाई जगदलपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के कर कमलों से मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।

साहित्य भारती के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि बलदाऊ राम साहू, साहित्यकार हिमांशु शेखर झा, डॉ.सुषमा झा एवं समस्त उपस्थित साहित्यकारों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ स्वागत किया गया। साहू ने कहा कि हिंदी साहित्य भारती केवल साहित्यिक संस्था नहीं यह संस्कारों को समृद्ध करने वाली संस्था है। हिमांशु शेखर झा ने कहा कि साहित्य को समृद्ध करने की दिशा में साहित्य भारती प्रेरक साबित होगी। काव्य गोष्ठी में शहर के वरिष्ठ रचनाकार एवं नवोदित रचनाकारों ने बसंत उत्सव पर अपनी रचनाएं सुनाईं।

## इंद्रावती जलसंकट से किसान बेहाल शासन-प्रशासन बेपरवाह : कश्यप

जगदलपुर। ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बस्तर की जीवनरेखा मानी जाने वाली इंद्रावती नदी में



आज पानी सुख चुका है। इसके कारण आसपास के किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नदी का पानी कम होने से न केवल खेती बाड़ी प्रभावित हो रही है, बल्कि पशुपालन, पीने का पानी और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी जो बस्तर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की जीविका का मुख्य साधन है, अब सुख रही है। यह नदी कभी बस्तर की गंगा कहलाती थी, नदी में पानी की कमी होने से कृषि कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कई किसानों के खेतों में पानी की कमी हो रही है, जिससे उनकी फसलों की सिंचाई करना संभव नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप वे आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण जल स्रोत के सूखने के बावजूद सरकार और प्रशासन का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। न तो जलस्रोतों के संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और न ही किसानों के लिए वैकल्पिक जल प्रबंधन की योजना बनाई जा रही है। प्रशासन और सरकार को इस गंभीर समस्या का समाधान निकालने के लिए तुरंत प्रभाव से कदम उठाने चाहिए।

## मातृ शक्ति ने मनाया होली मिलन, एक दूसरे को लगाया चन्दन का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य की अनुषांगिक मातृ संगठन की मातृ शक्तियां शहर के शांति नगर के दुर्गा मंदिर में होली मिलन किया। इस दौरान सभी ने

- हनुमान चालीसा पाठ और भजन कीर्तन कर दिया सनातन का संदेश

एक दूसरे पर चंदन का टिका और गुलाल लगाया। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ और भजन



कीर्तन कर सनातन का संदेश दिया।

रविवार शाम दुर्गा मंदिर में होली मिलन उत्सव व सामूहिक हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस दौरान आनंदवाहिनी की जिला अध्यक्ष गीता शुक्ला, सुनीता कुशवाहा, प्रीति दास, पूजा ठाकुर, रेखा जयसवाल, लता नामदेव, रिंकी गुप्ता शिखा घोष,रेनू सिंह,विभा सेंगर प्रीति गुप्ता,अलका सेंगर ,कल्पना अधिकारी, आकांक्षा समेत अन्य मातृ शक्तियां उपस्थित थी।

## महाराजा प्रवीरचंद्र को राजा मठ में भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के अमर शहीद महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव की 59वीं पुण्यतिथि एवं बलिदान दिवस पर मंगलवार को राजा मठ में पहुंच कर भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवीरचंद्र भंजदेव की पुण्यतिथि पर सभी ने शहीद महाराजा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही प्रवीरचन्द्र भंजदेव के योगदान को याद करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी



शहादत को श्रद्धा के साथ नमन किया गया। इस मौके पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, दिलीप दास, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल, उर्मिला यादव, संतोष गौर, पूनम सिन्हा, दिगम्बर राव, बी जयराम, शशिनाथ पाठक, रोशन झा, प्रेम सेठिया, विकास पांडे, प्रदीप मेश्राम, विनोद सोनी, अनिल, राजू पांडे, रितेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## शहीद पार्क को हरियाली से पूर्ण करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के शहीद पार्क में शहीद पार्क ग्रुप के सदस्यों ने पौधा रोपण किया। ज्ञात हो कि शहीद पार्क में सुबह और शाम नागरिकों के साथ आसपास के ग्रामीणों का बड़ी संख्या में स्वास्थ लाभ की दृष्टि से योग और पैदल

- पार्क ग्रुप के सदस्यों ने किया पौधरोपण

चलने आते है, आमतौर पर शहरवासी परिवार के साथ समय व्यतित करने आते है। इसी को देखते हुए शहीद पार्क ग्रुप के सदस्यों ने शहीद पार्क में खूबसूरत पौधो का



रोपण का कार्य कर रही है, पार्क में पूर्व से मौजूद पौधों को भी पानी छिड़काव कर उनका संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य पार्क ग्रुप के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है, जिससे शहर वासियों को स्वच्छ व हरियाली से परिपूर्ण वातावरण शहीद पार्क मिल सके। इस दौरान ग्रुप के सदस्य योगेश त्रिपाठी, अविनाश श्रीवास्तव, महेंद्र महापात्र और मस्तान ने बताया कि शहीद पार्क के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शहर के नागरिकों से श्रम दान के माध्यम से सहयोग लेते हुए लगातार कार्य किया जा रहा है, निकट दिनों में पार्क में मौजूद पेड़ो में पंछियों के लिए घोंसला बनाकर दाना- पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे पार्क में और भी अधिक सुंदर पक्षियों की तादात में वृद्धि होगी।

इस दौरान दिनेश साहू, संतोष महंती, शेखर यादव, शिवा राव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राकेश दास, मिनेश पांडे, नवीन गुप्ता, अनिल पटेल, धनंजय सिम्हा, कृष्णा देवांगन, तरुण चौधरी, लाला, अर्जुन मानिकपुरी, अनिल ठाकुर, रोमा राव, कृष्णा राव सहित पार्क ग्रुप सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को दिए जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पामलवाया में 222वीं वाहिनी केरिपुबल में विजेन्द्र सिंह, कमांडेण्ट 222 बटालियन के मार्ग दर्शन में संजय कुमार, सहा. कमांडेण्ट केरिपुबल के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पामलवाया ग्राम एवं आस-पास के गांव सन्तोषपुर, भोसागुडा, चिलनार, मनकेली, पेदाकोरमा, काकेकोरमा एवं गोरना के जरूरतमन्द महिलाओं, पुरुषों एवं स्कूल के बच्चों को दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री जैसे साईकिल, कम्बल, साडी, लूंगी, सोलर लाईट, टेलीविज, चप्पल एवं वर्तन में (स्टील ग्लास, स्टील थाली, पतीला, डेग्ची, पानी का ड्रम) कृषि यंत्र में (फावडा, गैंती.) एवं स्कूली बच्चों के लिये (कापी, किताब, पेन, पेन्सिल बाक्स, स्कूल बैग, स्कूल यूनिफार्म, फुटबाल, क्रिकेट बैट, किकेट स्टम्प, टेनिस बॉल, बॉलीबाल, बॉलीबाल नेट) इत्यादि का वितरण किया गया।

- पामलवाया में 222वीं वाहिनी केरिपुबल का सिविक एक्शन कार्यक्रम



इस दौरान बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान रामरूप पुनेम (सरपंच पामलवाया) तथा अन्य नागरिक भी मौजूद थे। संजय कुमार सहा.कमांडेण्ट ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के साथ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भारत सरकार के द्वारा चलाया जा रहा सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से तथा अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले, इसी पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा भरसक प्रयासरत रहती है और क्षेत्र में शांति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और क्षेत्र में नक्सल समस्या खत्म करने में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करने की प्रतिबधता जताई।

## छात्रा दक्षिता का विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, की बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा दक्षिता राठौर ने अपने प्रभावशाली विचार और सशक्त प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित कर यह उपलब्धि हासिल की और विकसित भारत युवा संसद के राज्य स्तरीय चरण में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। उन्होंने जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर यह गौरव हासिल किया। यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय मॉडल आवासीय कन्या महाविद्यालय, कोण्डागांव में आयोजित की गई थी, जिसमें बस्तर एवं कोण्डागांव जिलों के लगभग 36 प्रतिभागियों ने भाग




लिया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने एक देश एक चुनाव, विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। दक्षिता ने अपने प्रभावी भाषण और सशक्त तर्कों से निर्णायकों को प्रभावित किया और तीसरा स्थान अर्जित कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुईं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे, समस्त प्राध्यापकगण और छात्राओं ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने कहा कि दक्षिता की यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे मंचों पर भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।

